रंगीला रसूल

(हजरत मौहम्मद साहब का जीवन चरित्र)

लेखक :—

पं० चमूपति एम० ए०

प्रकाशक

मौहम्मद रफी

तरकारी मन्डी, पो० बा०—४२०

दिल्ली-६

रंगीला रसूल

(हज़रत मौहम्मद साहब का वास्तविक "पवित्र" जीवन चरित्र)

लेखक

स्व० पं० चमूपति एम०ए०

प्रकाशक

शहीदे आज़म-महाशय राजपाल,

लाहौर

o

प्रकाशक :-

शहीदे आज़म महाशय राजपाल
(लाहौर)

मूल्यः 15.00

वितरक:-
"मौहम्मद रफी"
तरकारी मण्डी, पो० बाक्स-४२०
दिल्ली - ६

"समर्पण"

उस महान योद्धा, साहसी, विद्वान को यह कृति समर्पित है जिसने संसार के मानव मात्र को "हज़रत मुहम्मद साहब" के वास्तविक ज़ीवन चरित्र को प्रकाशित करा कर सही दिग्दर्शन कराया तथा जिसके निमित्त स्वयं छुरा खाकर शहीद हो गये, ऐसी उस पुण्यात्मा को मेरा अन्तिम वन्दन है।

लेखक-
"चमूपति एम०ए०"

प्रस्तावना

प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने हज़रत मौहम्मद साहब के जीवन को पच्चीस वर्ष के बाद से आरम्भ किया है, उससे पहले का कोई वर्णन नहीं दिया गया, अत: पाठकों की जानकारी के लिए संक्षेप में जन्म से पच्चीस वर्ष तक के जीवन से परिचित कराना मैं अपना पावन कर्त्तव्य समझता हूँ ।

हज़रत मौहम्मद के पिता का नाम अब्दुल्लाह था, जो अब्दुल मुत्तालिब के बेटे थे, आप कुरैश खानदान से ताल्लुक रखते थे, जो अरब का एक प्रमुख वंश था तथा तमाम वंशजों में अपना प्रमुख स्थान रखता था, आपका जन्म १२ रबीउल, दिन सोमवार (११ नवम्बर) सन् ५६९ ई० को मक्के में हुआ । आपके वालिद (पिता) अब्दुल्लाह आपके जन्म से पूर्व ही परलोक सिधार गये थे । अत: आपका आरम्भिक पालन पोषण आपके दादा अब्दुल मुत्तालिब द्वारा हुआ, उनके मरने के बाद (तब आपकी उम्र मात्र आठ वर्ष की थी)आपके चचा हजरत अबू तालिब ने आपकी देखभाल की ।

आपकी माता हज़रत अमीना ने अपना दूध पिला कर बड़ा किया परन्तु वहां के रिवाज के अनुसार कुछ समय के लिए वहां के नज़दीक के गांव में शारीरिक व बौद्धिक उन्नति के लिए एक महिला जिसका नाम हलीमा सादिया था, के सानिध्य में भेज दिया । गांव से लौटने पर थोड़े समय बाद ही आपकी माता का देहान्त हो गया । अब सारी जिम्मेवारी आपके चचा के ऊपर आ गयी,चचा का व्यापार था, आपको भी अपने व्यापार में लगा लिया, तथा बकरियां

चराने का कार्य दिया गया । इसी तरह बकरियां चराते-चराते समय बीत गया और आपने जवानी में कदम रक्खा, आपको खुदा ने गजब का हुस्न, बांका शरीर, शुद्ध हृदय व दिल में ईमानदारी बख्शी, आपका सारा जीवन गरीबी और संघर्ष में ही बीता, मां का साया भी बचपन में ही उठ गया था । बाप का प्यार क्या होता है? इसका तो कभी अनुभव ही नहीं हुआ ।

पच्चीसवें वर्ष में एक धनी बेवा महिला खुदीजा जो उस समय चालीस वर्ष की थी, की आंख हज़रत से लड़ गयी और यह भी दिल दे बैठे, इनकी भी पच्चीस साल बाद ही लाटरी सी खुली थी, जिस प्यार के लिए बेचार पच्चीस साल तक तरसते रहे, वह सारा प्यार जो पत्नी और मां दोनों के रूप में सांझा प्राप्त हुआ, इससे बड़ा और सौभाग्य क्या हो सकता था? उस समय तो अगर खुदीजा की आयु साठ वर्ष भी होती तो भी हज़रत उसका प्रस्ताव न ठुकराते ।

अब आप आगे मुहम्मद साहब के पवित्र? जीवन चरित्र को ध्यान पूर्वक पढ़िये और उनके जीवन से लाभ उठाइये। क्योंकि ऐसा शिक्षाप्रद जीवन वृत्त मुश्किल से ही किसी खुदा के पैगम्बर का मिलेगा, जिस पर चल कर जन्नत ही जन्नत है । जिसमें प्रत्येक बात को सप्रमाण ही उद्धृत किया गया है जिसे सभी सुन्नी मुसलमान भाई प्रमाण रूप में मानते हैं, अगर आप इसको दोजख़ का मार्ग समझते हैं तो आज ही दिये गये ईमान को वापिस ले सकते हैं, क्योंकि बिना वास्तविकता जाने किसी का मुरीद हो जाना स्वाभाविक है ।

इस पूरे जीवन चरित्र को बिना किसी भेद भाव के सप्रमाण लिखा गया है । जिससे साफ पता चलता है कि जिस सम्प्रदाय की बुनियाद रखने वाले ही स्वयं इतने पवित्र रहे हों कि जिनकी मिशाल इतिहास में अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिलती ! तो उनके उपदेश व सिद्धान्त कितने शिक्षाप्रद सिद्ध होगें ? पाठक स्वयं विचार करें ।

वितरक :-
"मौहम्मद रफी"

।।ओ३म्।।

पैगम्बर की तारीफ़

चमन में होने दो बुलबुल को फ़ूल के सदके ।
मैं तो जाऊँ अपने "रंगीले रसूल" के सदके ।।

सदा बहार सजीला रसूल है मेरा,
हों लाखपीर रसीला रसूल है मेरा ।
ज़हे जमाल छबीला रसूल है मेरा,
रेहीने इश्क रंगीला रसूल है मेरा ।।

चमन में होने दो बुलबुल को फूल के सदके ।
मैं तो जाऊं अपने "रंगीले रसूल" के सदके ।।

किसी की बिगड़ी बनाना है ब्याह कर, लेंगे,
बुझा चिराग जलाना है ब्याह कर लेंगे ।
किसी का रूप सुहाना है ब्याह कर लेंगे,
किसी के पास खजाना है ब्याह कर लेंगे ।।

चमन में होने दो बुलबुल को फूल के सदके ।
मैं तो जाऊं अपने "रंगीले रसूल" के सदके ।।

"चमूपति एम०ए०"

ख़ुदा के अन्तिम पैगम्बर
हज़रत मौहम्मद साहब का
जीवन चरित्र
आरम्भ

*
*
*

''बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम''

खानेदार (गृहस्थ) पैगम्बर

मुहम्मद की अज़मत इसमें है कि वह ख़ानेदार गृहस्थ पैगम्बर है, मुसलमान भाई मुहम्मद की इस खुसूसियत को बड़े अभिमान के साथ पेश करते हैं, कि देखो जो बात दूसरे पैगम्बरों में नहीं है वह मुहम्मद में है, यही मुहम्मद की फ़जीलत (तारीफ़) है । यह बात मेरे दिल में लगती है ।

"दयानन्द" बाल ब्रह्मचारी हैं, वह देवता है, मैं मामूली मनुष्य उसके ब्रह्मचर्य को कहाँ पहुँचूं?

"महात्मा बुद्ध" ने शादी की, मगर घर से निकल गया, युवावस्था में औरत और बच्चों को अकेला छोड़कर साधु बन गया, मुझे न उस साधुता की चाह है, और न उसे अख्तियार करने का हौंसला है । **"ईसा"** ने घर बार के बसाने का कोई काम ही नहीं किया ।

"मुहम्मद" ने शादी की, नहीं ! नहीं!! बल्कि शादियाँ कीं हर तरह की औरतों से शादियाँ की, बेवा से, कुंवारी से, बुढ़िया से, जवान से, हाँ ! हाँ !! एक नवयुवती से भी, शादी की । हर किस्म की शादी का रंग देखा, उसके भले बुरे को पढ़ा ही नहीं बल्कि उसने उसे आज़माया भी तथा परखा भी ।

"मुहम्मद" एक अनुभवी पैगम्बर है । उसके इलहाम की बुनियाद उसका तजुरबा है, तजुरबा भी ऐसा कड़ुवा कि

अलअमान, मुहम्मद ने उसे मीठा घूंट समझ कर पी लिया,, किस लिए ? सिर्फ़ सबके फायदे के लिए और दूसरों को नसीहत देने के लिए ।

मुहम्मद की जिन्दगी शिक्षाप्रद है, उपदेशों से भरी हुई, और इबादतों से भरपूर, वाक़ई मुहम्मद **"पथ प्रदर्शक"** है।

मैं ख़ानेदार! मेरा पैगम्बर ख़ानेदार वह मेरा गुरू और मैं उसका चेला । उपनिषदों में लिखा है गुरजनों के अच्छे गुणों को ग्रहण करो और बुरी बातों को छोड़ दो ।

इसी नज़रिये से हम आज घरबार वाले, रंगीले, छबीले, रसीले, रसूल की जिन्दगी की बाबत ख़ानेदारी (गृहस्थाश्रम) पर एक रसीली निगाह डालना चाहते हैं ।

मुहम्मदी तथा गैर मुहम्मदी सब इसको पढ़ने में शरीक हो सकते हैं क्योंकि **"मुहम्मद"** तो मुहम्मदियों और गैरमुहम्मदियों अर्थात् दोनों का है ।

"बृह्मचारी" मुहम्मद

मुहम्मद की पहली शादी २५ साल की उमर में हुई यहाँ तो आर्य समाजियों को भी मानना होगा, कि मुहम्मद ने शास्त्रों के मुताबिक जिन्दगी का पहिला हिस्सा कुँवारे रहकर गुजारा, मुहम्मद ब्रह्मचारी था, और उसका हक था कि वह शादी करे ।

हम सबसे पहले एक नज़र मुहम्मद की उसी (ब्रह्मचर्य) अवस्था पर डालना चाहते हैं, क्योंकि दुनियां में ऐसे बदबूदार दिमाग वाले भी लोग हैं जो नाहक भलेमानसों की आदतों पर तथा उनके कर्मों पर और उनके कथन पर शक (सन्देह) करते हैं ।

हम मुहम्मद को ब्रह्मचारी मानते हैं क्योंकि उसने इस बारे में अपनी शहादत आप दे रखी है, एक मुकाम पर आप कहते हैं कि एक रात मैं एक कुरैशी लड़के के साथ मिलकर रेवड़ (भेड़ आदि) चरा रहा था, मैंने उस लड़के से कहा कि अगर तू रेवड़ की पास बानी (निगाह बानी) करे तो मैं जाऊँ ? और जिस काम में नौजवान लोग रात गुजारते हैं मैं भी गुजार आऊँ ।

यह कहकर मुहम्मद मक्का चला गया । मगर यहाँ एक शादी की दावत ने उसकी तवज्जह (ध्यान) अपनी तरफ खींच ली और उसको नींद आ गई । एक और रात वह फिर इसी इरादे से मक्का पहुँचा । मगर स्वर्गीय प्रलोभनों ने उसके दिल को अपने काबू में कर लिया और उसे सोते-सोते सुबह हो गई ।

मुहम्मद कहता है कि इन दो वाक़यात के बाद मेरा दिल बुराई की तरफ नहीं बढ़ा ।

"हयात मुहम्मदी म्योरसाहब कृत"

हमें मुहम्मद के कौल (कथन) पर विश्वास है, क्योंकि उसे हमामीन कहा गया है । हम मानते हैं कि, उसका दिल गुनाह के नतीजे से बचा हुआ था । दो ही दफा उसे शैतान ने बरगलाया अर्थात् पथ भ्रष्ट किया मगर ईश्वरीय प्रेरणा ही इसमें मददगार सिद्ध हुई और हमारा **"रंगीला रसूल"** इस गुमराही के गड्ढे से बाल-२ बच गया । उसने अमलन् अर्थात् शारीरिक रूप से गुनाह नहीं किया । मुहम्मद पूर्ण

ब्रह्मचारी था, उसने २५ साल तक की उमर तक शादी नहीं की और अपनी जवानी की उमगों के झकोरों से बचता रहा।

माई खुदीजा

हम खुदीजा को **"माई खुदीजा"** ही कहेंगे, क्योंकि उसकी उम्र ४० वर्ष की थी जब वह मुहम्मद के मकान (अन्त:पुर) में आई, बल्कि अगर सच्ची बात लिखी जाए तो यों कहिये कि मुहम्मद खुद उसके घर में गये थे । मुहम्मद २५ साल के थे । शकल और सूरत में खूब-सूरत थे, नेक आदत थे, शरीफ़ घराने के ही नहीं बल्कि शरीफ़ ठिकाने के भी थे ।

परन्तु खुदीजा बेवा (विधवा) थी वह कुरेशी यानी मुहम्मद की जाति बिरादरी की थी, उसके दो पति मर चुके थे, वह बाल बच्चे वाली थी परन्तु मुहम्मद और उसकी उमर का यह मुकाबला था कि खुदीजा के पास दौलत थी, जब सौदागरों के झुण्ड ग़ैरमुल्कों में जाते थे तो यह भी अपने एजेण्ट रवाना करती थी । खुदा बरकत देता था, तिज़ारत (व्यापार) में सवाया, ड्योढ़ा मुनाफ़ा होता था । सारा मक्का उसे जानता था, शादियों की दरख्वास्तें भी कई बांके दिलचलों ने दी थी मगर वह अपनी दौलत और हालत पर सन्तुष्ट थी, व्यर्थ में वह दुनियाँ का झंझट अपने सिर पर मोल नहीं लेना चाहती थी ।

एक साल उसने मुहम्मद को एजेन्ट बनाकर व्यापारियों के झुण्ड के साथ भेजा, वह आमीन था, औसत से ज्यादा लाभ उठाया । मकान की छत पर बैठी खुदीजा देख रही थी कि सामने से एक शुतुर सवार आता हुआ मालूम हुआ, वह कौन था? मुहम्मद ! मुहम्मद ने तिजारत का हिसाब दिया और अपनी उजरत लेकर रवाना हुआ । इसकी शरमदार आँखें,जरूरत से कम बोलना, कुदरती खूबसूरती और व्यापार का खरापन, बेतकल्लुफ की सादगी जो दिल में थी वही जुबान पर तथा वही अमल में बुढ़िया के दिल पर यह बेसाख्तगी (स्वाभाविक रुप से) असर कर गई और उसे अपनी जिन्दगी का शरीक बनाना चाहा ।

खुदीजा (ताहरा) पवित्र थी । लोग उसके हुस्न के तथा उसकी दौलत के परवाने थे, यहाँ पर वह खुद परवाना बनके गिरी, फिर ऐसी कौन-सी शमा थी जो उसे गिरता देखती और चमक न उठती? मुंह फेर लेती या उससे उलटा रुख दिखाती?

खुदीजा का बाप जिन्दा था । उसकी तरफ से अंदेशा था कि वह रास्ते का रोड़ा बनेगा । इसी समय खुदीजा ने एक दावत की, उसमें उसने अपने और मुहम्मद के खानदान वालों को निमन्त्रित किया, शराब ढलने लगी । खुदीजा का बाप भी दावत में शामिल हुआ परन्तु वह हद से ज्यादा पी गया । बूढ़ा था, बहक उठा । यही वह मौका था जिसकी ताक में सब लोग थे । उसे शादी के कपड़े पहना दिये गये और उसका (खुदीजा) का निकाह हो गया । जब उसे होश आया तो वह हक्का बक्का रह गया, मगर पक्षी पिंजरे से निकल चुका था, बड़े और बुजुर्गों का कहना मानना पड़ा, अन्ततः फिर खामोश रह गया ।

"हयात मुहम्मदी म्योरसाहब कृत"

खैर **"मुहम्मद"** दूल्हा हुए, माई खुदीजा के पति बन उसकी जानों माल के मालिक और रक्षक बने । बचपन में गरीब हो गये थे, बहुत दिनों तक माँ की ममता का सुख न देखा था । इस औरत से ब्याह कर लेने पर दोनों मुरादें मिल गई । मुहम्मद उसे चाहे जो भी कहे, परन्तु हम तो उसे माई खुदीजा ही कहेंगे, वह हमारी माँ है और आर्य शास्त्रों में एक हालत में औरत को माँ कहा भी है । यह माई खुदीजा की तीसरी शादी थी । माई खुदीजा से मुहम्मद की छः सन्तानें हुई जिनमें दो लड़के और चार लड़कियाँ थी, पहला लड़का कासिम जो दो बरस का होकर मर गया और दूसरा भी जो बिल्कुल बच्चा ही था, चल बसा ।

"सीरतुल्नबी मौलाना शबली कृत"

डाक्टरों की राय है कि औरत ४० या ४५ वर्ष की उमर तक बच्चे पैदा कर सकती है मगर उस उमर के बच्चे ज्यादा दिन तक जिन्दा रहने वाले नहीं होते । मतलब यह है, कि अगर बच्चे पैदा करने के लिए शादी करनी हो तो औरत की यह उमर इस मतलब के लायक नहीं और खुदीजा की उमर इस एतबार से शादी करने के लायक न थी ।

मुहम्मद अकेले में रहना अधिक पसंद करते थे, ख्यालात की दुनियां में मस्त रहते थे, पहाडों में, जंगलों में मैदानों में रेगिस्तानों में, घर के कोने (एकान्त) में जा बैठते और अपने दिल से बातें किया करते थे । यही पागलपन इनकी पैगम्बरी की बुनियाद (जड़) थी ।

अगर रोटी रोजी की फिकर होती तो यह आजादी कहां मिलती? और पैगम्बरी का दावा क्यों कर होता? खुदीजा की शादी ने ऐसी दैविक प्रेरणा मुहम्मद के साथ की कि ऐसा समय आ उपस्थित हुआ ।

अरब में पाप होता था । निहायत खौफ़नाक पाप होता था और मुहम्मद का दिल नेकी के ख्यालात से भरा हुआ था, अरबी मूर्तिपूजक थे और मुहम्मद साहब ने खुले मैदान में खुले आकाश में, बड़े-बड़े जंगलों में किसी बड़ी भारी ताकत का अन्दाजा किया था । इसे यकीन हो गया था कि परमात्मा एक है और उसकी कोई सूरत शक्ल नहीं है ।

खुदीजा के गुलामों में एक जैद नाम का ईसाई गुलाम था उससे मुहम्मद की बातचीत हुआ करती थी और वह ईसाई धर्म के अनुसार मुहम्मद को विश्वास दिलाता था । मुहम्मद को जैद से अधिक स्नेह हो गया था, और उसे खुदीजा से अपने लिए मांग लिया, खुदीजा के रिश्तेदारों में कुछ ऐसे लोग भी थे, जो ईसाई धर्म को मानते थे,उन्होंने मुहम्मद के दिली हौंसलों को मिटाने में पूरी मदद की ।

मुहम्मद को यकीन हो गया कि दुनिया के लोग गुमराह हो रहे हैं, उसे अपनी इस हालत पर रोना आता था उसके दिल में गहरा दर्द था, जो अरबी जुबान में बड़े ही दिलचस्प शैरों के रूप में कभी-कभी निकल रहा था, यही कुरान की पहली आयत है जो न मालूम किस कारण से कुरान के अन्त में लिखी गई है ? इसमें तड़फ है तथा तेजी है, सत्यता ही नही बल्कि बेकरार आरजू भी है और असलियत

की खोज है ।

मुहम्मद का हौसला बढ़ता गया और धीरज का कोई उपाय न देखकर आखिर उसे ख्याल हुआ कि आत्महत्या कर लेनी चाहिए, क्योंकि इस रोनेधोने की जिन्दगी से क्या फायदा? यहाँ पर खुदीजा का बुढ़ापा बहुत कुछ काम आया और कोई नौजवान औरत होती तो उसको पागल समझती और उसका साथ छोड़ देती आप डरती और दूसरे को भी डराती, खुदीजा ने मुहम्मद को धैर्य बंधाया । मुहम्मद को शक था कि मुझ पर जिन्नों का जादू है । यह इल्हाम नहीं ब्लकि शैतान की करतूत है, खुदीजा ने जिन्नों की जाँच की और मुहम्मद को विश्वास दिलाया कि यह फरिश्ते हैं, इनका पैगाम दुरस्त है, और जब मुहम्मद ने कहा कि या तो वह दुनियाँ को बदल देगा या अपना ही खात्मा कर लेगा । तब खुदीजा ने दुनियाँ को बदलने वाले इरादे को पसन्द किया और खुद उस नये मजहब को जिसके प्रचार का मुहम्मद ने मन्सूबा बांधा था, वह उसमें सबसे पहली मददगार (सहायक) बनी ।

"कससुलम्बिया"

मुहम्मद को इल्हाम के वक़्त बड़ी तकलीफ होती थी। उसके मुंह से झाग आने लगते, तमाम बदन से पसीना निकल पड़ता तथा बाहर की सुध बुध न रहती थी, बहुतेरे लोगों का ख्याल था कि यह मिरगी के लक्षण थे, मुहम्मद उस समय मरीज हो जाते थे, तब खुदीजा उसकी सेवा शुश्रूषा करती थी, उसके बदन पर कपड़ा डालती और पानी के

छींटे देती, मतलब यह है कि उसे होश में लाती ।

"बुखारी बाबा अलबही"

मुहम्मद की पैगम्बरी के पहिले आमें खुदीजा की गोद मे बहाये गये । यह कहानी बहुत लम्बी है, किस्सा यों है कि मुहम्मद ने अपने आपको मौजूदा मजहब और इसके कानून से अलग कर लिया और अपने पीरों (भक्तजनों) को भी पिछले मजहब से बागी बनने के लिए उपदेश देने लगा। इससे सबमें मुहम्मद के प्रति मुखालफ़त पैदा हो गयी थी, और लोग मुहम्मद की जान के दुश्मन बन गये, अरब का दस्तूर था कि "खून का बदला खून" से लेते थे । किसी खानदान के एक आदमी को किसी दूसरे खानदान का कोई आदमी कत्ल कर देता था तो इन खानदानों में हमेशा के लिए मुखालफ़त पैदा हो जाती थी, दोनों खानदान एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जाते थे, मगर मुहम्मद के लिए एक बचाव का तरीका था । वह यह कि एक तो उसका चचा उसकी हिमायत पर था दूसरी खुदीजा थी, जिसका लिहाज सभी छोटे बड़े करते थे, मुहम्मद ने मुसीबत सही, दुःख बरदाश्त किये, लेकिन उस बीबी की बरकत से उसकी जान पर आँच न आई । आखिर जब मुहम्मद ५० वर्ष का हुआ तो खुदीजा का इन्तकाल (देहावसान) हो गया तथा चचा भी चल बसे । अब मुहम्मद अनाथ हो गये, लाचार होकर हिजरत (देश त्याग) करके मदीने चले गये ।

पाठक ! इससे अन्दाजा लगा लें कि खुदीजा का वजूद मुहम्मद के लिए किस कदर भला था? यही वजह थी कि

इसकी मौत के बाद मुहम्मद के मकान में सिलसिलेवार बीवियाँ थीं और एक दूसरे से खूबसूरती में बढ़ चढ़ कर थीं । सभी प्रकार से आनन्द और आराम था । हकूमत थी तथा सभी अख्तियार था, तो भी खुदीजा की याद मुहम्मद के दिल से न भूलती थी । यहाँ तक की "आयशा" का अपनी जिन्दा सबूतों से भी वह लौ (लग्न) न थी जो मरहूमा-मगफूरा (रहम की बख्शी हुई) खुदीजा के नाम से हो रही थी ।

खुदीजा ने मुहम्मद को बचाया, २५ वर्ष के जमाने में ! जब तक वह मुहम्मद की बीवी बनकर जिन्दा रही, मुहम्मद को कभी भी दूसरी शादी का ख्याल नहीं आया, आर्य शास्त्रों में खानेदारी (गृहस्थाश्रम) की मियाद (समय) २५ वर्ष मुकर्रर है । यह समय मुहम्मद ने बड़ी पवित्रता से निभाहा, इसलिये इसे हम आर्य गृहस्थ कह सकते हैं ।

अगर मुहम्मद ने खुदीजा से शादी न की होती, बल्कि उसका लड़का बनना मंजूर कर लेता, तो यह रस्म आर्य धर्म शास्त्रों के मुताबिक होती । एक मुसलमान मौलाना साहब से बातचीत करते समय हमने यही कहा तो वह हैरान रह गये और आश्चर्य चकित होकर कहने लगे "हैं"! मांये भी बनाई जा सकती हैं ? हमने कहा - हाँ हिन्दुस्तान में यह दस्तूर है कि किसी बुजुर्ग औरत को माई कहकर इस तरह पुत्रवत् फर्ज अदा करना । इसलिए हम उसे खुदीजा कहेंगे ।

परन्तु वह अक्ल में, उमर में, तजुरबे में बीनिश (देखने) में अनुभवी कार्यों में **"माई खुदीजा"** ही है ।

बेटी आयशा

खुदीजा का इन्तकाल हुए अभी तीन महीने भी न बीते थे कि मुहम्मद ने महसूस (अनुभव) किया कि दुनियां में बीवी के समान प्यारी और कोई चीज नहीं है । मुसीबत बढ़ती ही जाती थी, घर में कोई ढांढस बंधाने वाला न था। बस दूसरी बीवी की तलाश करने लगे । माई सूदा, सुकरान की औरत थी । यह दोनों मियाँ बीवी मुसलमान हो चुके थे और इस जुर्म की इन्होंने सजा भी बड़ी कडी पाई थी। अरब निवासियों से तंग आकर उन्हें अपने देश को जिसका नाम **"मालूफ"** था, खेरबाद (अलविदा) कहना पड़ा था और विदेश में रहकर गुजर करते थे । जब मुहम्मद ने कुफ्फार (काफिर) से सुलह कर ली और उनकी मूर्तियों की कीर्ति ① को मान लिया (अगरचे) बाद में फिर उसे इस सुलह से परेशानी हुई और इसने पहले इलहाम को **"शैतानी बही"** कहकर मन्सूख कर दिया । तो दूसरे देश निकाले हुए लोगों के साथ सुकरान और सूदा भी वापिस आ गये । यहां आकर सुकरान का इन्तकाल हो गया और सूदा बेवा हो गयी, सूदा की वफादारी का सबूत इससे ज्यादा और क्या हो सकता था कि उसने देश निकाले की तकलीफों को इस्लाम के लिए बरदाश्त किया ? इधर अपने पति की वफादार उधर अपने मजहब पर जान देने वाली !! इस प्रकार की

नोट :- ① इरशादातुस्सारी शरह सहीह बुखारी जिल्द, ७ मुअल्लिमुल्तनजील । तफसीरुलजलालीन सफा ४५ जिल्द २, मुद्दाल्कुलतन्जील सफा २५६, तफ़सीर कबीर - तफ़सीर कलबी ।

अच्छी बीवी मिलना मुहम्मद के लिए मुश्किल था । रहमत पैगम्बरी के कारण उससे अपनी शादी कर ली । बूढ़े की बेवा (विधवा) स्त्री से शादी कुछ बेजा न थी दोनों एक दूसरे के प्यारे सनेक का हक़ अदा कर सकते थे । खुदीजा की जगह आखिर कौन ले सकता था ? वह भी एक उम्मीद थी, जो पूरी हुई और घर सूना न रहा ।

हम ऊपर कह आये हैं कि गृहस्थाश्रम के नियमानुसार मुहम्मद २५ वर्ष तक एक ही बीवी के साथ रहे और वह भी दो पतियों की विधवा! जो शादी के समय ४० वर्ष और मौत के समय ६५ वर्ष की थी, इस बुढ़िया से इस जवान की निभ गयी, यह बात मुहम्मद की पवित्रता की साक्षी है । सिनफ नाजुक से प्यार मुहब्बत की फिदरत में था, यह दूसरे मरदों को नेकी करने की नसीहत देता है, मुसीबत में मजबूर बना देता है, आफत में साविर (संतोष) को बढ़ाता है, सीने को उभारता है और रुह का **"सकता"** करता रहता है इस वक्त भी बहुत से लोग हैं जो औरत के हुस्न की रंगीन तस्वीर खींचते हैं । और पूजनीय देवी बना देते हैं, पवित्रता की मूर्तियाँ बनाकर तसव्वुर की फिजां में उड़ते हैं, यह आलम तखील का इश्क इनके दिल दिमाग पर इफत व असमत (पाकदामन) का राज बनाये रखता है।

मुहम्मद ने शायराना तबीयत पायी थी । मगर खुदीजा के लिए कहना कि - **"शाली के बुढ़ापे ने आलम मौजूदा जवानी में औरत के शबाब की बहार का लुत्फ़ न उठाने दिया"** यह कुव्वत तसव्वुर का एक और ताजयाना (सख्त) हुआ, दुनिया की औरतें दिमाग से उतर गई । बहिश्त की

हूरों के ख्याल आने लगे । बाद में जब मुहम्मद की मतादिद (सिलसिलेवार) शादियाँ हो गई, तब उसका दिल कसरते अज्दवाज़ (व्यभिचार) से खट्टा हो गया, चुनाचे बाद के इल्हाम में हूरों की खूबसूरती में वह मंजर जेब नजर नहीं हुए । जो खुदीजा के हीन हयात (जीवनकाल) में रह रह कर कुरान की आयतों में जलवागर होते रहते थे, सूरत बखान में मजकूर होते है । अर्थात्-व्यक्त की गई सूरतों में यह बातें मौजूद हैं । इसी तरह क्वाँरी औरतें (लड़कियाँ) गोरी बड़ी आँख वाली है, उभरे हुए सीने और भरे कासे की । सचमुच औरत की खूबी क्वांरपन में है । और मुहम्मद ने क्वाँरी औरत से शादी की, वह आयशा थी आयशा अबू बकर की लड़की थी, अबू बकर और मुहम्मद का अदायल उमर (बचपन का स्नेही) था । उसकी उमर और मुहम्मद की उमर लगभग एक सी थी । सिर्फ दो साल का फर्क था, मुहम्मद अबू बकर से दो साल बड़ा था । अबू बकर बहुत जल्दी बिना किसी हीला हवाला (बहाने) के मुहम्मद पर ईमान लाया था और आयशा उसकी दिलबन्द थी । आयशा की उमर उस समय कोई ६-७ साल की थी ।

"मुआरजुलनब्बत सफा २८ रकूब ४"

मुहम्मद ने इस कम उमर की लड़की पर जो उमर में इसकी पोती के बराबर थी, अपनी निस्बत क्यों ठहराई ? कितने ही लोगों का ख्याल है कि अबू बकर को रिश्तेदार बनाना था । प्रथम तो यह कि जब अबू बकर मुहम्मद के दीन पर ईमान ले आया और उसे खुदा का रसूल मान

लिया, अर्थात् उसकी आज्ञा को खुदा की आज्ञा मान लिया तो इस प्रकार और निजी ताल्लुक की जरूरत ही न रही थी लेकिन मान लो अगर यह ईमान का रिश्ता कमजोर दिखाई पड़ता था तो उसकी मजबूती का सबसे अच्छा ढंग यह होता कि मुहम्मद अबू बकर की लड़की को अपनी लड़की बना लेता और उसकी शादी अपने हाथ से करता, उसका जहेज (दहेज) देता और उसका बाप बन जाता। लेकिन अरब निवासी इस मसनुई तथा हकीकी रिश्तों से ज्यादा पायदार और खुशायन्दा रिश्तेदारियों के इमकान से, आशना (जानकार) न थे।

"सैय्यद अमीर अली" लिखते हैं कि-अरब में कोई औरत बीवी के सिवाय किसी और रिश्ते से किसी मर्द के साथ न रह सकती थी। मुहम्मद अपनी सियासी जरूरियात से मजबूर था, कि लगातार शादियाँ करे। आह ! प्यारे भारत!! पवित्रता के तारे भारत !!! प्राचीन आर्यों की प्राचीन सभ्यता के भारत !!!! दुर्गादास, औरंगजेब की पोती सफीयउन्निसा को अपनी लड़की बताता है, तथा शिवाजी, गोलेवादी की असीर शहजादी को जो गनीमत (लूट) के माल के साथ उसके साथ थी, जिसे शिवाजी अपनी बेटी समझते हैं।

परन्तु जरा इधर भी ध्यान दीजिये आयशा नाजुक और हल्के बदन की थी, इसलिए पालकी उठाने में बोझ के अन्दाज से कोई पता न चला कि अन्दर आयशा है या नहीं ? आयशा अब लाचार हो वहीं बैठी रही कि अब कोई लेने आते हैं, अब कोई लेने आते हैं। आखिर इसी इन्तजार में सवेरा

हो गया और कोई भी न आया। संयोग से साफवान अपना ऊँट लिये उधर आ निकला, आते ही उसने आयशा को पहचान लिया और बिना कुछ बात-चीत किये आयशा के सामने ऊँट बैठा दिया, और आयशा भी उस पर उचक (उछल) कर सवार हो गई, अन्ततः एक रात एकान्त में गुजारने के बाद फिर अपने प्यारे मुहम्मद से जा मिली।

भला इस हालत में कौन किसकी जुबान पकड़ता ? तरह तरह के गन्दे आक्षेप लोग लगाने लगे, धीरे-धीरे मुहम्मद भी आयशा से नाराज हो उठे। इस हालत में बिचारी आयशा और कोई उपाय न देखकर नैहर अर्थात् अपने माँ-बाप के घर चली गई; आयशा की माँ उसका दिल बहलाती रहती; मगर आयशा के दिल से गम की गाँठ दूर न होती और न ही खुलती।

इस परिवर्तन के कारण मुहम्मद के दोस्तों और दुश्मनों में तरह-तरह के मतभेद पैदा हो गये। मुहम्मद के नाम पर दाग़ लग गया, उसके रौब में भी फर्क आ गया, अन्त में अली और उस्मान से राय ली। अली ने कहा कि आयशा की दासी से इस घटना की सफाई ली जावे, सलाह नेक थी, मगर अली के लिए यह राय बड़ी बुरी साबित हुई। आयशा इस गुस्ताखी को मरते दम तक न भूली कि अली ने जो खुद मुहम्मद का दामाद है, इसकी इज्जत पर शक किया, अब अली से आयशा की विकट शत्रुता हो गई। मुहम्मद की बेटी फातिमा, माई खुदीजा की प्यारी यादगार फातिमा, जो अली से ब्याही हुई थी, इधर फातिमा का पति उधर अपना दामाद **"अली"** है उधर चहेती बीबी आयशा

है ! मुहम्मद किधर जाये और क्या करे ? आखिरकार घर में घरेलू लड़ाई की ज़ड़ जम गई । इस घरेलू लड़ाई ने मुहम्मद की मौत के बाद इस्लाम की तवारीख को लगातार खून खराबी की तवारीख (इतिहास) बना दिया । खिलाफत के लिए इस कदर खून खराबी न होती, अगर अली और आयशा का दिल साफ होता । हाँ अगर आयशा की अली से शत्रुता न होती तो !

बहुत बीवियाँ करने वालों देखो जब पैगम्बरों की जिन्दगी भी खतरे में है, अगर इस अजमत (बड़प्पन) के लोग भी अपनी गलतियों से, तथा इन बुरे कामों से नहीं बच सके, तो तुम कौन हो ? अपनी करतूत के कड़वे फलों से अपने आपको सुरक्षित समझते हो । दशरथ का घर बरबाद हो गया, मुहम्मद का दीन बरबाद हो गया, क्यों ? इसलिये कि बूढ़े होकर नवयुवतियों (कुमारियों) से शादियाँ कीं ।

मुहम्मद आयशा के कमरे में गया और उसके माँ-बाप के सामने सारी गुजरी हुई कहानी को सचमुच सुना देने की अर्ज की, तब मौहम्मद के सामने ही आयशा को उसके माँ-बाप ने कहा कि - **"अगर तूने गुनाह किया है तो तू तौबा कर, अल्लाह बख्शने वाला है, रहम करने वाला है और अगर तू बेगुनाह है तो तू अपनी बेगुनाही का इजहार कर "**। आयशा थोड़ी देर तक चुप रही । अन्त में बोली,

"सब्र ही मेरा जवाब है, परमात्मा मेरा मददगार है, मैं अगर अपने आपको बेगुनाह कहूँ तो कोई मानेगा नहीं , तौबा करूँ भी तो किस **कसूर से ? परमात्मा** जानता **है कि मैं "बेगुनाह" हूँ "** ।

मुहम्मद अपने दिल में आयशा का चाल चलन जानता था । और उसका कायल था, लेकिन लोगों को भी तो कायल करना था । आखिर को अपने आपको इल्हाम की सूरत में डाला और अपना मुँह कपड़े से ढक लिया तथा वह कुछ देर जाहिरा बेहोश पड़ा रहा, आखिर अपने माथे से पसीना पोंछता हुआ उठा और कहा -

"आयशा ! खुशी मना !! अल्ला ने तेरी बेगुनाही की साक्षी दी है" ।

आयशा का खोया हुआ सौभाग्य फिर से मिल गया । लेकिन आक्षेप लगाने वालों पर शामत आ गयी, इल्हाम पर इल्हाम होने लगे, आक्षेप लगाने वालों पर तरह-तरह की बौछारें पड़ने लगीं आखिर उनके लिए सजा मुकर्रर हुई, कि उन्हें ८०-८० कोड़े लगाये जायें । मरदों के साथ-साथ एक औरत पर भी यह कोड़े बरसाये गये ।

"सूरह अन-नूर-४ (कुरान)" में रसूल और रसूल के खुदा का गम व क्रोध अब तक लिखा चला आता है । बदजुबान लोगों की जुबानें उनके मुंह में घुसेड़ दी गयीं, अब जरूरत इस बात की हुई, कि हरम की फरमाइश की जावे, क्योंकि ताली दो हाथों से बजती है । वह खिदमत भी अल्लामियाँ ने कबूल की और तब "सूरये अखराव उतरी" कि -

"ऐ पैगम्बर की बीबियों ! तुम और औरतों की तरह नहीं हो, अगर तुम परमात्मा से डरती हो तो अपने कौल (कथन) से न फिरो ताकि वह लालच न करे, जिसके दिल में मरज है, और कहा गया है, कौल और

मारूफ अपने-अपने घरों में रूकी रहो और न दिखाती फिरो श्रंगार जैसे ज़हालत के जमानें की औरतें करती थीं " ।

आखिर मुहम्मद को अपनी बीबियों को आप ताकीद करना, तथा तम्बीह देना बाकी जौजियात व लवाजमात के खिलाफ था । अल्लामियाँ स्त्री पुरूष दोनों का बुजुर्ग है । उसको बीच में डाला और जो चाहा वह उससे इल्हाम के रुप में कहलवाया । इस तरह आयशा और मुहम्मद में पुनः एकता हो गई, और आयशा का घर भर में राज्य हो गया, परन्तु इसके बाद फिर किसी युद्ध में आयशा साथ न ले जाई गई ।

इसके बाद आयशा के दर्शन आखिरी दर्शन हैं । जो इसके पति की मृत्यु शैय्या पर हुए हैं । मुहम्मद ने अपने आखिरी मर्ज में जो मरजुल्मौत (मौत की बीमारी) साबित हुई, अपनी बीबियों से मंजूर करा लिया था कि अब मैं आयशा ही के घर में रहा करूँगा और इसी मकान में अक्सर आयतें उतरा करती थीं, वही खटिया थी, वही बिस्तर था, वहीं लिहाफ था । यह मकान मुहम्मद को सब मकानों से ज्यादा प्यारा था ।

बीमारी के समय में मुहम्मद कब्रिस्तान को गया और अपने मरने का यकीन करके घर लौटा । आयशा भी इत्तिफाक से सिरदर्द से दुखित थी, वह कराह-कराह कर कह रही थी । मेरा सर ! मेरा सर !!

मुहम्मद बोल उठे आयशा ! यह शब्द मुझे कहने चाहिए थे । आयशा सुनते ही चुप हो गयी । मुहम्मद को जराफ़त

(मजाक) सूझी और कहा ! आयशा क्या तुम पसन्द न करोगी की तुम्हारी मौत मेरे जीते जी हो, जिससे मैं तुम्हें अपने हाथों से दफन करूँ और तुम्हारी कब्र पर दुआ कहूँ ? आयशा ने नाक भौं चढ़ा ली और जवाब दिया कि यह किसी और को सुनाओ, मैं समझ गई, मेरे घर को मुझसे खाली कराने और किसी (मुझसे भी) खूबसूरत पुतली (सुन्दर स्त्री) को ला बसाने की आरजू आपके मन में है । मुहम्मद को जवाब के लिए फुरसत कहाँ थी ? न ही इतनी ताकत थी कि जवाब दे सके आखिर मन्द हंसी (मुस्कुराहट) में ही बात को टाल दिया ।

"हयात मुहम्मदी म्योरसाहब कृत"

पाठक समझ गये होंगे कि एक नवयुवती बीबी को अपने पीछे छोड़ने का ख्याल मुहम्मद के लिये किस कदर परेशानी का कारण था ? पर हाय! यह गिला मंजर !! हसरत नाक मंजर !!! इबरत नाक मंजर !!! मस्जिद का आँगन है । बीस साल की जोरू जो बासठ साल के शौहर का सिर अपने घुटनों पर लिए हुए बैठी है । मुहम्मद उसका चबाया ※ हुआ दातुन मुंह में देते हैं और इस क्षणिक शरीर से बाहर हो जाते हैं । उसके बाद आयशा को अबू बकर कहता है कि २० वर्ष की विधवा आयशा मुझे तुझ पर रहम आता है, तेरी जवानी पर रहम आता है, तेरी उमंगों

※ तवारीख जैबुल्लाह पेज १६६ मदारिजुल्फतूहा रकूब ४, बा १२ आदि।

पर, तेरी हसरतों पर, तेरे हुस्न पर तथा तेरी सूरत पर रहम आता है, मेरी आँखों में वह आसूँ हैं जो किसी बाप की आंखों से अपनी लड़की को विधवा होता हुआ देख करके बेअख्तियार निकल पड़ें । मगर करूँ क्या ? मैं तुझे अपनी लड़की कहकर सिसकता हूँ , जबकि मुहम्मद के लिए मेरा मन कुछ नहीं कहता ।

सदा सुहागिनें

अबू बकर हज़रत मुहम्मद साहब का दायाँ हाथ था, तो मौहम्मद उमर बायाँ । वह इतनी आसानी से मुसलमान न हुआ था, जैसे अबू बकर, मगर जब हुआ तो पूर्ण विश्वास के साथ हुआ । अब वह अपने मजहब के लिए बराबर लड़ने मरने को तैयार रहता था ।

अबू बकर दिलेर था, अकलमन्द था, इसके बरखिलाफ़ (विरूद्ध) मौहम्मद उमर जोशीला था, वह बहुत जल्दी गुस्से में आ जाता था, उस समय उसे अपने काबू में कर लेना सहज न था । यही मिजाज मौहम्मद **"उमर"** से उसकी लड़की **"हफ़सा"** ने पाया था । वह भी किसी के रोके न रूकती थी, इसकी शादी **"खनीस"** से हुई थी, जो लड़ाई (गिजवाबदर) में मारा गया, ६-७ महीने तक वह विधवा रही और कोई भी मुसलमान उससे शादी करने के लिए तैयार न था इस पर उमर ने पहले अबू बकर से निकाह करने को कहा परन्तु उसके इन्कार करने पर फिर उस्मान से निकाह के लिए दरख्वास्त की, परन्तु इन दोनों ने इन्कार कर दिया क्योंकि **"हफसा"** का सँभालना कोई मजाक या खेल

न था, इस पर उमर बहुत बिगड़ा और अन्त में मुहम्मद के पास हफ़सा के निकाह का प्रस्ताव लेकर आया मुहम्मद ने अपनी मेहरबानी से उसे अपनी स्त्री बनाना मंजूर कर लिया । इस तरह जो रिश्ता मुहम्मद का अबू बकर से था वही उमर से भी हो गया । दोनों बराबर वफादारी से इस्लाम का प्रचार करने लगे और अपनी लड़कियों की तोफ़ैल मुहम्मद के मातहत बन गये । ऐसे ही गिजवाबदर के एक और शहीद अबीदा की बीबी ज़ैनब थी, अबीदा रिश्ते में मुहम्मद का भाई था उसकी बेवा औरत से भी मुहम्मद ने शादी कर ली । जैनब ने बड़ी सख़ी (दिलावर) तबीयत पायी थी, इससे इसका नाम **"उम्मुलमसाकीन"** पड़ गया ।

अब अल्लमा इब्तिदाई (आरम्भिक) मुसलमानों में था । वह "हबश" की हिज़रत में अरब से निकाल दिया गया था । जब मुहम्मद ने मदीना में डेरा डाल दिया तो वह वापिस आ गया, "उहद" की लड़ाई में वह घायल हो गया था । मगर बाद में अच्छा हो गया, जब "बनिसाद" पर इस्लाम ने चढ़ाई की तो यह उसका सेनापति बनाया गया था, वहाँ वह पिछले घावों की कमजोरी के कारण फिर बीमार पड़ गया और उसकी मौत हो गयी । मुहम्मद को अपने रिश्तेदारों से सहानुभूति थी वह उसकी विधवा औरत "हिन्द" के पास जाया करता था, हिन्द थी बूढ़ी मगर बड़ी खूबसूरत थी । मुहम्मद ने उससे शादी करने का इरादा ज़ाहिर किया, उसने बुढ़ापे का बहाना किया, तब पैगाम्बर ने फ़रमाया मैं भी तो बूढ़ा हूँ । बुढ़िया ने कहा कि बाल बच्चे हैं, मुहम्मद उनका भी वारिस बना और बुढ़िया को

अपने घर ले आया । मदीना मस्जिद के साथ इस [illegible] तक ५ कोठरियाँ पहले ही बन चुकी थीं, [illegible] एक में मुहम्मद की एक एक बीबी रहती थी । मुहम्मद बारी-२ एक एक रात, एक एक दिन, एक एक बीबी के पास काट देता था । आखिरी कोठरी हारिश का था, जब मुहम्मद के घर नई बीबी आती थी, तो उसे हारिश का कोठरा में ठहराया जाता था और हारिश के लिए दूसरी नई कोठरा तैयार करायी जाती थी, वह बेचारा चुपके से अल्हदा रहने का इन्तज़ाम कर लेता था । एक दफा मुहम्मद को खुद शर्म आयी और कहने लगा कि आखिर हारिश भी क्या कहता होगा ?

रा० आ० सैयद अमीर अली फरमाते हैं कि यह सब विधवायें जिन्हें मुहम्मद की स्त्री होने का घमंड हुआ, ये सभी बेकस थीं, जिनके खाविन्द(पति) इस्लाम की सेवा करते-करते शहीद हो गये थे । मुहम्मद का यह फ़र्ज था कि उनके गुजारे का इन्तजाम करता, वह उसका कार्य जरूरी था परन्तु उसका अपना गुजारा पहले ही तंगी से चलता था, उस पर उसने अपनी रोजी पर और भी बोझ ले लिया तथा अपने खर्चे की जिम्मेदारी और भी बढ़ा ली, और आमदनी की सूरत वही रही । मुल्क-मुल्क का रिवाज है । मुमकिन है सैयद अमीर अली का कयास (कथन) सही हो । अरब में रसालते मुहम्मद के ज़माने मे कोई औरत किसी मर्द के पास सिर्फ ज़ोरु बनकर ही रह सकती हो । वरना हिन्दुस्तान की रसम तो यह है कि ऐसे धर्मात्मा लोग परायी औरतों को धर्म की बहिन बना लेते हैं, जिससे उनका गुजारा

भी चल जाता है और दीन भी बरबाद नहीं होता, मुमकिन है सारे मुसलमानों में कोई और विधवाओं का पालन कर्ता न हो सकता हो, कोई कुँवारा या रंडुवा उनको अपनी स्त्री के रूप में ले जा सकता हो और यह मेहरबानी का मौर (सेहरा) सिर्फ मुहम्मद के सिर बंधा हो, हमारी तुच्छ बुद्धि में अगर मुहम्मद उन्हें बहन बना लेता तो भी काम चल जाता और अगर शादी जरूरी थी तो किसी कुंवारे से करा देता । अपना अपना मजहब है । हो सकता है कि मुहम्मद को यही तरीका पसन्द आया हो कि बीबियों से अपना घर भर ले, ६० वर्ष का बूढ़ा ५-५ बीवियां ! खैर बीवियों से चहल पहल तो रहती ही होगी, मौज से रात-दिन कटते होंगे, सिनफ् नाजुक के साथ बूढ़े का ताल्लुक दुरूस्त है ।

बहुरिया

हम ऊपर कह चुके हैं कि ज़ैद नाम का एक लडका खुदीजा का ईसाई गुलाम था उसने मुहम्मद की मजहबी और दिली मुश्किलें दूर की थी इसलिए मुहम्मद को उससे खास प्यार था, चूंकि खुदीजा ने वह गुलाम उसे ही दे डाला था और मुहम्मद ने उसे अपना मुतबन्ना (लड़का) बना लिया था । ज़ैद भी मुहम्मद से अधिक प्रेम करता था, एक बार जबकि उसका बाप उसे लेने आया तो उसने जाने से साफ इन्कार कर दिया क्योंकि मुहम्मद रसूल भी और बाप भी (दोनों) थे, इसलिए वह वहां अकेले वालिद (बाप) के पास जाकर क्या करता ? उसकी पहली शादी **"उम्ऐमन"** से हुई थी । जिसकी उमर ज़ैद से भी दुगनी थी, लेकिन उसे

खुद पसन्द करने वाले बाप (मुहम्मद) के हुक्म से लाचार, होकर निकाह करना पड़ा। इस औरत से एक लड़का हुआ, जिसका नाम **"उसामा"** था, ज़ैद की दूसरी शादी **"ज़ैनब"** से हुई, ज़ैनब कुरेशी खानदान से थी और मुहम्मद की फुफेरी ज़ाति बहन थी। एक दिन मुहम्मद ज़ैद के न होने पर उसके घर जा पहुँचा। चिक (परदे) की आड़ में जैनब बैठी थी उसने रसूल(जो उसका ससुर भी था) की आवाज सुनी तो जल्दी से उन्हें भीतर लाने का प्रबन्ध करने लगी मुहम्मद की निगाह उसके सुन्दर बदन पर पड़ी, बस फिर क्या था ? दिल पर एक दम बिजली सी गिर पड़ी और मुँह से निकला आह ! सुभान अल्ला!! तू कैसी-२ खुबसूरती की कारीगरी करने वाला है ? जैनब ने यह शब्द सुन लिए और दिल ही दिल में पैग़म्बर के दिल में कब्जा पा जाने की खुशी मनाने लगी। ज़ैद से शायद उसकी न बनती थी। वह लाख मुहम्मद का वारिस हो, भई आखिर था तो गुलाम ही।

जब ज़ैद घर पर आया तो उससे ज़ैनब ने इस माज़रे का जिक्र किया। बस ! फिर क्या था इसे आप मुहम्मद की शादी की बातचीत (अकीदत) समझिये या शायद उसका दिल ज़ैनब से पहले ही खट्टा हो गया हो, अतः वह दौड़ा-दौड़ा मुहम्मद के पास गया और अपनी बीबी को जिस पर मुहम्मद का दिल आ चुका था। तलाक देने पर राजी हो गया, मुहम्मद ने रोक कर यह कहा, आपस में खुशी से गुजर करो, लेकिन ज़ैद ऐसी बीबी का पति बनकर नहीं रहना चाहता था, जो दूसरे को दिल दे चुकी हो, आखिर

उसने ज़ैनब को तलाक दे ही दिया, और ज़ैनब मुहम्मद के पीछे पड़ी कि मुझे भी अपनी खिदमत में ले लीजिए। मुहम्मद को पेशोपेश से नाहक बदनामी होगी, आखिर "वही" (इल्हाम) ने सब काम तै कर दिया और सूरह उतरी -

"खुदा ने इन्सान को दो दिल नहीं दिये, न तुम्हारी गोद के लिए बेटे अपने बनवायें हैं। जो तुम कहते हो, यह तुम्हारे मुंह से निकला है। मगर अल्ला असली बात जानता है, वह रास्ता ठीक दिखाता है तुम्हारे वारिसों को चाहिए कि वह अपने बाप के नाम से मशहूर हों और जब तूने एक ऐसे बन्दे से जिस पर अल्ला का भी फज़ल है, तेरा भी फज़ल है, कहा कि तू अपनी बीबी अपने पास रख और अल्ला का खौफ़ कर और तूने अपनी छाती में छुपाया जो अल्ला कि मरजी थी कि जाहिर हो और तू इन्सान से डर, हालांकि अल्ला ज्यादा काबिल है, डरो मत, जब ज़ैद ने तलाक की रसम पूरी कर दी तो हमने उससे (मौहम्मद से)ब्याह दिया, ताकि मोमिनों को इसके बाद अपने मुतबन्नों (माने हुए लड़कों) की बीबियों से शादी करना जुल्म न हो बशर्ते कि तलाक की रसम पूरी हो चुकी हो और अल्ला का हुक्म जरूर पूरा होगा "।

"सूरयेअखराब रकूब-५"

मुहम्मद तुममें से किसी का बाप नहीं है। वह अल्ला का रसूल है और **"खातिमुलमरसलीम"** है और अल्ला सब कुछ जानता है।

यह शब्द हमने इसलिए लिखे हैं ताकि मुहम्मद के दिल का पता (जानकारी) पाठक लगा सकें, जैनब की जियारत के बाद मुहम्मद ने झूठ-मूठ ताअम्मुल ज़ाहिर किया वरना दिल में इश्क की आग भड़क गयी थी तथा जो हर समय भड़क रही थी "वही" (इल्हाम) होता गया । और मुहम्मद ने उसके बाद ज़ैनब के पास पैग़ाम भेजा कि -

"अल्लाह ने तुझे मुझसे मिला दिया है । इसलिए अब निकाह की कोई जरूरत नहीं है" ।

जहां अल्लाह दिल मिला दे, वहाँ निकाह पढ़ाने वाले मौलवियों और क़ाज़ियों का बीच में न पड़ना मज़ाक नहीं तो और क्या है ? सब लोगों को खुश करना जरूरी था इसलिए कह दिया कि -

"अल्लाह ने निकाह पढ़ा है और जिब्राइल उसका गवाह है ❁ । और इन दो शर्तों के अलावा निकाह के लिए और शर्त ही क्या है" ?

"रंगीले रसूल" का यह रंग कहावत अजीब है, बेटा ! बेटा न रहा, बहू-बहू न रही ।

अब पाठक समझ सकते हैं कि क्यों मुहम्मद को किसी औरत को माँ या बेटी बनाने में झिझक थी ? जब माने हुए लड़कों मुतबन्नों के साथ वह सलूक नहीं हो सकता जो हकीकी (पैदायशी) औलाद के साथ होता है और उनकी बीबीयाँ तक मुहम्मद के लिए हलाल हो सकती हैं, तो धर्म की बेटियां, बहिनें क्यों कर बच सकतीं हैं ?

❁ तफसीर हुसेनी आयत मजकर खूरा जमकुर,

उस वक्त के मुसलमान तो खामोश नहीं हैं तवारीख (इति-हास) का फ़तवा यही है कि मुहम्मद ने बेज़ा किया । उसकी "वही" (इलहाम) बेज़ा ! पैगम्बर मुल्जिम !! उसका इल्हाम मुल्जिम !!! अल्लामिया और उसका जिब्राइल मुल्जिम!!!

ऐसा नहीं है कि मुहम्मद अपने गुनाह न जानता था । बल्कि वह जानता था कि अगर उसकी बेहुदगीयाना नज़र ज़ैनब पर न पड़ती या जैनब ने ही अपने बदन को पूरी तरह छिपा लिया होता तो दिन-दहाड़े यह अन्धेर न होता जो हुआ अतः अब तो जो हो गया , सो हो गया अब आगे देखो-

पहले तो इसे (मौहम्मद को)अपने ही हरम का ख्याल आया । लोग आजादी से उसके घर आते जाते थे । उसकी बीबियों से बातचीत होती थी सम्भव है किसी समय पर यही मामला किसी मुसलमान के ऊपर गुजर जाये, जैसा कि पैगम्बर पर बीत चुका है, और मुमकिन है कि मुहम्मद की कोई बीबी ऐसी ही होनहार निकल पड़े जैसा कि ज़ैद की बीबी साबित हो चुकी है । इसलिए इसका प्रबन्ध भी आगे के लिए हो जाना चाहिए । ऐसा सोच कर हज़रत ने दूरन्देशी के दर्पण में झाँका और"वही" (इल्हामी शक्ति) की जंजीर हिलाई और काम पूरा किया ! सूरह उतारी गई, देखिए-

" ऐ मोमिनों !! रसूल के मकान में न जाओ, जब तुम्हें कुछ पूछना हो तो परदे की आड़ से पूछ लो यह तुम्हारे और उनके दिलों के लिए बेहतर होगा । यह मुनासिब नहीं कि तुम रसूल के दिल को

